In the name of Allah the Most Gracious the Ever Merciful

بسم اللہ الرحمن الرحیم

Press Desk
Ahmadiyya Muslim Jamaat
INTERNATIONAL
(INDIA)

شعبہ پریس اینڈ میڈیا بھارت
Office Press & Media
Ahmadiyya Muslim Jama'at India,
Qadian-143516, Distt.Gurdaspur, Punjab, India.
Mobile: +91-99887 57988
Email: pressamjindia@gmail.com
Tel: +91-1872-500282
ahmadiyya_press ahmadiyyapressindia

(A Registered Religious and Charitable Society in India under the Societies Registration Act XXI 1860)

از حوالہ/Ref
تاریخ/Date

अहमदिया मुस्लिम जमात ने औरंगाबाद झड़प में अपनी संलिप्तता के झूठे आरोपों का खंडन किया

अहमदिया मुस्लिम जमात, औरंगाबाद शहर में हाल ही में दो मुस्लिम संप्रदायों के बीच हुई झड़प में अपनी संलिप्तता से संबंधित कुछ अखबारों तथा मीडिया में प्रसारित झूठे आरोपों का दृढ़तापूर्वक खंडन करती है। ये आरोप निराधार हैं और अहमदिया मुस्लिम जमात की छवि ख़राब करने के दुर्भावनापूर्ण प्रयास हैं।

अहमदिया मुस्लिम जमात का शांति और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने और हिंसा के खिलाफ आवज़ उठाने का एक लंबा इतिहास रहा है।

अहमदिया मुस्लिम जमात" मोहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं” के सिद्धांत पर चलने वाली जमात है। यह जमात शांति और सुरक्षा और धार्मिक सद्भावना तथा एकता को बढ़ावा देने के लिए एक अग्रणी जमात है। यह जमात विभिन्न धर्मों और मान्यताओं के बीच शांति और आपसी सम्मान की स्थापना के लिए न सिर्फ़ आवाज़ उठा रही है, बल्कि इसके लिए गंभीर प्रयास करने वाली जमात है। अहमदिया मुस्लिम जमात एक ऐसी जमात है जो बिना किसी भेदभाव के ज़रूरतमंदों की मदद करती है और एक ऐसी जमात है जो हर मंच पर हिंसा के खिलाफ़ आवाज़ उठाती है। अहमदिया मुस्लिम जमात के सदस्यों को भारत के हर क्षेत्र में कानून का पालन करने वाले लोगों के रूप में जाना जाता है।

हम मीडिया के साथ साथ आम जनता से अनुरोध करते हैं कि अहमदिया मुस्लिम जमात से संबंधित किसी भी खबर को प्रसारित करने से पहले विश्वसनीय माध्यमों से जानकारी की पुष्टि कर लें। ऐसे शांतिपूर्ण समुदाय पर हिंसा का आरोप लगाना बड़ी नाइंसाफी है।